तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 30 जून 2025

14 शिरोमणि राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित...


14 कार्यकर्ताओं के साथ निगम अध्यक्ष ने सुनी पीएम मोदी...




## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम पतेरापाली के एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को बागबाहरा पुलिस को यशवंत कुमार ओगरे ने बताया कि 27 जून की रात करीब 10 बजे माधव पांडे, सनीस पांडे एवं दीवान बघेल ने उसके घर में घुसकर हाथ मुक्का एवं धारदार हथियार में मारपीट किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 118(1), 333 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एक्सीडेंट में अधेड़ घायल

**महासमुंद।** राशन लेने सुखरीडबरी जा रहे एक अधेड़ व्यक्ति को एक वाहन चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि 28 जून की सुबह 9 बजे जयलाल खडिया पिता बैगा खडिया (55 वर्ष) कस्तुरबोर्ड अपने मोटर सायकल से राशन लेने सुखरीडबरी जा रहा था, मेन रोड अनिल चंद्राकर के मुर्गी दुकान के पास झलप की ओर से सुखरीडबरी की ओर आ रहे टीवीएस एक्सएल क्रमांक सीजी 06 जीडी 6181 के चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक चलाकर उसका एक्सीडेंट कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है

### महिला से गाली गलौज

**महासमुंद।** वार्ड क्र. 15 पिथौरा की एक महिला के साथ गाली गलौज किए जाने की घटना में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया अनुसुईया पांडेय ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 28 जून की सुबह 10 बजे वह अपने घर में थी, उसी समय पड़ीसी श्रद्धा पांडेय एवं उसकी बेटी रितिका उसके साथ घर खाली करो कहकर गाली गलौज करने लगी, जब उन्हें मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए स्वीपर कालोनी निवासी पिथौरा के सोनू को बुलाया। इसके बाद आरोपी सोनू ने भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जुआ खेल रहे चार लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** तुमगांव पुलिस ने ग्राम भोरिंग में जुआ खेल रहे चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस न बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम भोरिंग रामजी बांधे के मकान के बाजू खुले स्थान पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी मोहन लाल धीवर पिता मिलऊ राम धीवर (50 वर्ष) वार्ड नं 15 भोरिंग थाना तुमगांव, तीजराम बंजारे पिता बंशी बंजारे (38 वर्ष) वार्ड क्र 14 भोरिंग थाना तुमगांव, अमरूद पिता हरीराम मेहर (35 वर्ष) वार्ड क्र 11 भोरिंग थाना तुमगांव, शैलेष नेहरू पिता बाहरा नेहरू (45 वर्ष) वार्ड क्र 01 भोरिंग थाना तुमगांव पर कार्रवाई की। आरोपियों के कब्जे से कुल 2340 रुपए बरामद किया गया।

# आज ई-केवाईसी का अंतिम दिन, चूके तो राशन मिलने में संशय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राशन कार्ड के सदस्यों का ई-केवाईसी काराने का

- राशन कार्ड धारकों के लिए राशन कार्ड ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य

आज अंतिम दिन है। सरकार द्वारा सभी राशन कार्ड धारकों के लिए राशन कार्ड ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। हम आपकी जानकारी के लिए बता दें कि राशन कार्ड के सदस्यों के ई-केवाईसी करने की अंतिम तिथि 30 जून रखी गई है। लेकिन बहुत से लोगों ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाई है। अब सरकार द्वारा राशन कार्ड धारक के लिए नया नियम निकाल दिया गया है जिसके मुताबिक निर्धारित तिथि से पहले राशन कार्ड की ई-केवाईसी ना करवाने पर राशन कार्ड धारक को राशन नहीं मिलेगा । जिले में वर्तमान में कुल 3,66,236 राशनकार्ड प्रचलन में हैं, जिनमें 11,57,452 सदस्य पंजीकृत हैं। बता दें कि ई-केवाईसी एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें आधार से जुड़े मोबाइल नंबर से डिजिटल सत्यापन किया जाता है। इस प्रणाली से यह तय किया जाता है कि लाभार्थी वास्तविक, जीवित और पात्र है या नहीं। इसके जरिए फर्जी, मृत अथवा दोहरे राशनकार्ड धारकों की पहचान कर उन्हें सूची से बाहर किया जा सकता है।

## जिले के बहुत से लोगों ने अभी तक नहीं करवाई है ई-केवाईसी

### अंतिम तिथि अब तक नहीं बढ़ी

विभाग की ओर से जारी निर्देश में कहा है कि ई-केवाईसी की समय-सीमा तय कर दी गई है। इससे संकेत मिल रहे हैं कि प्रदेश में भी जल्द इसी प्रकार की कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। जिन कार्डधारियों ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराया है, उनके लिए यह अंतिम अवसर माना जा रहा है।



### शासन ने जारी किया है आदेश

खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को डिजिटल पहचान से जोड़ने की कवायद तेज हो गई है। ऐसे में प्रदेश के लाखों राशन कार्डधारकों के लिए यह तीन दिन का अल्टीमेटम बन चुका है। सूत्रों के मुताबिक, खाद्य एवं नगरिक आपूर्ति विभाग की ओर से जारी निर्देशों में स्पष्ट कर दिया गया है कि 30 जून तक हर हाल में ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण होनी चाहिए। इस तिथि के बाद बिना ई-केवाईसी वाले राशन कार्ड निलंबित कर दिए जाएंगे, और जुलाई से राशन वितरण रोका जा सकता है।

## किसानी: जिले में लगातार बारिश के कारण अब कृषि कार्य में तेजी आई

# धान रोपाई की तैयारी में जुटे किसान दवाएं महंगी हुई, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में लगातार बारिश के कारण अब कृषि कार्य में तेजी आई है। किसान खुर्रा बोनी के बाद धान के रोपाई करने के लिए खेतों को तैयार करने में जुट गये है। हालांकि, अभी धान के थरहे को तैयार होने में एक सप्ताह का समय है। कुछ जगहों पर पहले से तैयार धान के थरहे का रोपाई की शुरुआत कर चुके है। लेकिन, धान रोपाई ने अभी तेजी नहीं पकड़ी है।

लगातार हो रहे बारिश से धान रोपाई के लिए खेत तैयार करने के काम में तेजी आई है। वहीं इस बार धान रोपाई के लिए किसानों को ज्यादा रकम चुकाना पड़ रहा है। इसी प्रकार खाद एवं दवाई के दाम भी बढ़े हुए है।



जिले के सहकारी सोसाइटी में पहले से चल रही खाद किल्लत के चलते किसानों दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदना पड़ रहा है। विभाग के मुताबिक जिले में इस खरीफ सीजन में 2 लाख 59 हजार हेक्टेयर में धान की खेती की जाएगी, जिसमें बोता और रोपा दोनों शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद पिछले खरीफ सीजन से किसानों को धान का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 3100 रूपए मिला रहा है, इसलिए किसान धान उत्पादन करने की ओर जोर दे रहे हैं। धान का मूल्य बढ़ाने के साथ ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। कृषि विभाग फसल परिवर्तन को लेकर किसानों को जागरूक कर रहा है और धान के बदले मक्का व दलहन-तिलहन फसल को बढ़ावा देने कह रहा है।

### इस बार 600 हेक्टेयर में होगी पाम खेती

जिले में इस बार धान के साथ अन्य वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिस वजह से मक्के, रागी एवं पाम खेती करने किसानो को विभाग के द्वारा जागरूक कर रहे है। पाम के खेती करने के लिए 600 हेक्टेयर में होगी जिसके लिए 350 से अधिक किसान तैयारी कर रहे है।

### महंगाई की मार अब खेती पर भी

अंचल में अभी बरिश होने से रोपाई के कार्य में तेजी आई है। लेकिन, इस बार किसानों को रोपाई के लिए मंहगाई की मार झेलनी पड़ रही है। जिला मुख्यालय से लगे गांव बम्हनी के किसान राकेश साहू ने बताया है कि पिछले साल एक एकड़ में रोपाई कराने के लिए 5500 रुपए लगे थे लेकिन इस बार 7000 रुपए हो चुकी है।

### खाद एवं निंदानाशक के दाम भी बढ़े

बीटीआई रोड स्थित दवाई दुकान संचालक कमलेश साहू लाफिन खुर्द निवासी ने बताया है कि निंदानाशक के दाम प्रति लीटर 20 से 30 रुपए तक बढ़े हैं, वहीं किल्लत के चलते डीएपी एवं ग्रोमोर जैसे खाद बाजार में 1800 से 1900 तक मिल रहे है।

## बायसन के हमले से घायल महिला की उपचार के दौरान मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में बायसन के हमला से घायल महिला की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। पिथौरा समीप के देवपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम नयाडीह निवासी एक महिला पर बायसन ने हमला कर दिया। उसे गंभीर अवस्था में रायपुर ले जाया गया था। जहां आज उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वह दो अन्य महिलाओं के साथ पास के जंगल में बकरी चराने गई थी। देवपुर वन परिक्षेत्र के नयाडीह निवासी उर्मिला खडिय़ा पति उमराव खडिया (65) शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे पास के जंगल के कक्ष क्रमांक 281 में बकरी चराने गई थी। जहां पर बायसन के झुंड में से एक बायसन ने अचानक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर वन विभाग के अधिकारी घटना स्थल पहुंच कर घायल महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल पिथौरा भेजा गया, जहां गंभीर रूप घायल महिला को प्रथम उपचार के बाद उच्च उपचार हेतु महासमुंद से रायपुर भेज गया। जहां रविवार सुबह उक्त महिला की मौत हो गई।

### झुंड वाले बायसन द्वारा हमला अप्रत्याशित

झुंड से निकल कर एक नर बायसन का महिला पर हमला करने की घटना असाधारण मानी जा रही है। आम तौर पर वन्य प्राणी विशेषज्ञ यह मानते हैं कि बायसन झुंड में रहते हमला नहीं करते बल्कि अकेले रहने पर ही यदाकदा हमला करते है। परन्तु इस मामले में झुंड में रहते हुए बायसन ने हमला किया है। वहीं देवपुर रेंजर संतोष पैकरा ने बताया कि अक्सर शांत रहने वाला बायसन का मेटिंग समय हो सकता है जिसकी वजह से उसने हमला किया हो। बहरहाल, बायसन जैसे शांत वन्यप्राणी का हमला चिंताजनक माना जा सकता है।

## स्मार्ट मीटर अब तक नहीं हुए चालू, थमाया जा रहा है एवरेज बिल

**महासमुंद।** जिले में स्मार्ट मीटर तो लग गए लेकिन अब तक चालू नही हुए है जिसके चलते अभी भी एवरेज बिल थमाया जा रहा है। विद्युत वितरण कम्पनी ने शहरी क्षेत्र में प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाने का काम जोर-शोर से किया गया और ग्रामीण इलाकों में स्मार्ट मीटर लगाए गए है। लेकिन अब तक चालू नहीं किया गया है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगने के बाद भी उपभोक्ताओं को एवरेज बिल थमाया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि प्रीपेड मीटर लगने के बाद अब उपभोक्ताओं को मीटर चालू होने का इंतजार है, लेकिन अब तक चालू नहीं किया गया है। विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी के मुताबिक प्रीपेड मीटर में बैलेंस खत्म होने पर बिजली कट जाएगी। हालांकि बैलेंस खत्म होने से तीन दिन पहले उपभोक्ताओं को मैसेज मिलेगा, जिससे के अपने मीटर को रिचार्ज कर सकेंगे और बिजली आपूर्ति में किसी तरह की बाधा से बच सकेंगे। बिजली विभाग को अब मीटर रीडिंग लेने के लिए कर्मचारियों को भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी

### पोस्टपेड मीटर से मिल रहा बिल

वर्तमान में पोस्टपेड मीटर लगाए गए हैं और बिजली खपत के एक महीने बाद बिल मिलता है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत और भुगतान पर अधिक नियंत्रण मिलेगा। अगर रात में रिचार्ज खत्म होता है तो बिजली की आपूर्ति तुरंत नहीं काटी जाएगी और उपभोक्ताओं को अपने मीटर को रिचार्ज करने के लिए अगली सुबह तक का समय मिलेगा।

### अब तक लग चुके हैं 82 हजार स्मार्ट मीटर

जिले में 2 लाख 25 हजार घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे,अब तक लगभग 82 हजार मीटर लगाये जा चुके है। लेकिन अब तक इन मीटरों में प्रीपेड सिस्टम चालू नहीं हुए है जिसके चलते बिजली उपभोक्ताओं को एवरेज बिल के आधार पर ही बिल का भुगतान करना पड़ रहा है।

## नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरुकता शिविर का आयोजन




**महासमुंद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के विशेष योजना नालसा की योजना डीएडब्ल्यूएन (नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ) विशेष जागरुकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मागदर्शन पर नालसा की विशेष योजना डीएडब्ल्यूएन (नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ) प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू तथा आरक्षी केंद्रों में पदस्थ सभी अधिकार मित्रों द्वारा ग्राम अथवा ग्राम पंचायतों, हाट बाजारों में जाकर बैनर तथा जागरूकता थीम पर अधारित पाम्पलेट वितरण कर विशेष जागरुकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखिनीय है कि नालसा के डान योजना के तहत नशीली दवाइयों एवं नशा के दुष्परिणाम प्रति जनमानस को जागरुकता लाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोगों को नशे दुष्परिणाम एवं होने वाले शारीरिक एवं मानसिक क्षतियों के बारे में जानकारी हो सके।

## दाल व्यापारी पर मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने किया हमला, सिर पर गंभीर चोट

**पिथौरा (ग्रामीण)।** रविवार को सुबह दाल बेचने जा रहे डिपोपारा लहरौद निवासी मनहरण प्रजापति पर तीन अज्ञात युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। यह घटना पिथौरा-बया मार्ग पर स्थित चंद्रपाल डडसेना कॉलेज के पास हुई, जब मनहरन प्रजापति वहां से नुना मोपेट वाहन से गुजर रहे थे। कॉलेज के पास मैदान की ओर से मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक आए और आवाज देकर उन्हें रुकवाया। परिचित समझकर जैसे ही वे रुके, तभी तीनों युवकों ने तुम्हें मोटर सायकिल चलाना नहीं आता करके अचानक गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान एक युवक ने अपने हाथ में पहने कड़े से पीड़ति के सिर पर जोरदार वार किया, जिससे वे लहूलुहान हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने अपने परिजनों को सूचना दी और प्राथमिक उपचार के बाद पिथौरा थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात तीन युवकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।




## महिलाओं के लिए महतारी सदन बनाने 29 लाख रुपए की घोषणा

# निषाद समाज के जिला वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जिले के बेमचा में आयोजित निषाद समाज के जिला वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने सबसे पहले राम जानकी मंदिर में मथा टेका फिर निषाद समाज के जिला वार्षिक अधिवेशन मे मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। कार्यक्रम में सांसद रुपकुमारी चौधरी, नगरपालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू सहित निषाद समाज के पदाधिकारी एवं लगभग 300 सामाजिक जन उपस्थित रहे।

सांसद ने कार्यक्रम में निषाद समाज के विकास के लिए 5 लाख रुपये की घोषणा की है। उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि निषाद समाज के लोग ही श्रीराम प्रभु को नदी पार कराये थे। निषाद समाज ने मुझे बुलाया मै आभारी हूं पूरे समाज का मुझे आकर बहुत अच्छा लगा बहुत सारे लोग एक साथ मिलकर समाज के उत्थान की चिंता कर रहे है ये बहुत अच्छा है। ऐसे ही परस्पर चिंता कर के आगे




बढ़ना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने महिलाओं के लिए महतारी सदन बनाने 29 लाख रुपये की घोषणा की ।

वही कार्यक्रम मे सरपंच देवेंद्र चंद्राकर ने गांव के विकास के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को चार मांग पत्र सौंप हैं जिनमें ग्राम बेमचा में हाई स्कूल संचालित है लेकिन हाईस्कूल के लिए कोई अलग से भवन नहीं होने के चलते हाई स्कूल मिडिल स्कूल में संचालित संचालित होती है जिससे बच्चों को पढ़ाई करने में दिक्कत होती है इसलिए हाई स्कूल भवन निर्माण के लिए 30 लाख रुपए की स्वीकृति की मांग की गई है। साथ ही परसवानी रोड से गोठियाखार तक व स्टेडियम से राहुल चंद्राकर खेत तक 5-5 किलोमीटर की सीसी रोड बनाने की मांग की गई है जिसकी अनुमानित लागत 40 लख रुपए है वही ग्राम बेमचा में समरसता भवन की भी मांग की गई है जिसकी लागत 30 लख रुपए बताई गई है। वही मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए वर्धमान नगर महासमुंद से जेलपारा बेमचा तक डिवाइडर एवं हाई मास्क लाइट लगाने के लिए मांग की गई है। इसके अलावा ग्राम पंचायत बेमचा जो की में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस चौकी खोलने की मांग भी सरपंच देवेंद्र चंद्राकर के द्वारा की गई है। कार्यक्रम के पश्चात उप मुख्यमंत्री पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रजीत गोल्डी के यहां गए और उनकी माता को श्रद्धांजलि दी।

## खबर संक्षेप

### अंजुमन इस्लामिया कमेटी अंतागढ़ के नए सदर बने अनीस

**अंतागढ़।** अंजुमन इस्लामिया कमेटी अंतागढ़ के पूर्व सदर समद खान सहित कमेटी के सभी सदस्य ने शुक्रवार जुमा की नमाज से पूर्व इस्तीफा दिया। इसके बाद शनिवार की शाम समाज की बैठक आहूत की गई। जिसमे नई वर्किंग कमेटी का गठन किया गया। समाज ने सर्वसम्मति से अनीस खान को सदर चुना और सेक्रेटरी मुनीर फरीदी, सदस्य शेख शरीफ कुरैशी, खलील खान, लतीफ खान, राजू खान, रऊफ खान को बनाया गया। समाज द्वारा चुने हुए सदस्य को एक नई ऊर्जा प्रदान करने व समाज के बेहतरी के लिए कार्य करने जिम्मेदारी दी गई। नवनियुक्त सदर ने कहा कि पूरी कोशिश करूंगा की आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतर सकू और समाज के लिए जो भी बेहतरी हो सके करने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर पूर्व सदर समद खान, शोएब रजा, जहांगीर खान, हनीफ खान, अयूब खान, नियाज खान, निशार खान, एजाज खान, तबरेज रजा सहित समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### गुरु गोविंद सिंह वार्ड में सुनी गई मन की बात

**जगदलपुर।** गुरु गोविंद सिंह वार्ड मे रविवार को मन की बात प्रभारी उमेश गुप्ता के निवास में अतिथि के रूप में संग्राम सिंह राणा एवं अविनाश सिंह गौतम की उपस्थिति में एवं कार्यक्रम प्रभारी बंटू पांडेय के सहयोग से 123 वां एपिसोड सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में योग दिवस की बात की और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफलता का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा तेलंगाना में 3000 दिव्यांग साथियों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया। विशाखापट्टनम में 3 लाख लोगों ने एक साथ योग किया। इमरजेंसी के दौर में लोगों को प्रताड़ति किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रेकोमा मुक्त घोषित कर दिया है। यह सफलता हमारे स्वास्थ्य कर्मियों की है। भारत देश में 95 करोड़ लोग किसी न किसी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। आने वाले समय में भारत और सशक्त होगा। कार्यक्रम में राजेश कुशवाहा, रोहित सिंह,रेनू गुप्ता, प्रीति वानखेड़े, भगवती साहू, वीरेश गुप्ता, परेश गुप्ता, प्रदीप पाणिग्रही, राकेश झा सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

## मनमानी : प्रतिबंध के बावजूद मीना बाजार में चल रहे जानलेवा झूले

# आकाश झूला का संचालन जारी, कलेक्टर के संज्ञान में आने के बाद मौत का कुआं हुआ बंद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)**





रथयात्रा पर्व पर शहीद भगत सिंह खेल मैदान पिथौरा में आयोजित मीना बाजार में प्रशासनिक आदेशों को ताक पर रखकर प्रतिबंधित और खतरनाक झूलों का संचालन किया जा रहा है। 26 जून से 13 जुलाई तक चलने वाले इस मेले में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं, लेकिन सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए आकाश झूला जैसे प्रतिबंधित झूले का खुलेआम संचालित किया जा रहा है।

एसडीएम पिथौरा द्वारा जारी अनुमति पत्र में स्पष्ट रूप से इन दोनों झूलों पर पूर्ण प्रतिबंध का उल्लेख है। इसके बावजूद आयोजन स्थल पर इनका संचालन बेरोकटोक जारी है, जो न सिर्फ प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना है, बल्कि मेले में आने वाले नागरिकों की जान से भी गंभीर खिलवाड़ है। हालांकि, जब यह मामला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के संज्ञान में लाया गया, तो उन्होंने त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रतिबंधित झूलों को बंद करने के निर्देश दिए। जिसके बाद मौत का कुआं को तत्काल बंद किया गया। किन आकाश झूला का संचालन अब भी जारी है, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी और चिंता बनी हुई है। कांग्रेस पार्षद भी लगातार स्थानीय प्रशासन से इस झूले को बंद कराने की मांग कर रहे हैं।

मिली जानकारी अनुसार प्रशासन द्वारा मीना बाजार आयोजन के लिए कुल 20 शर्तें निर्धारित की गई है, जिनमें अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरा, प्राथमिक चिकित्सा, बीमा, पुलिस सहायता केंद्र और ध्वनि विस्तारक यंत्र की सीमा 60 डेसिबल तक रखने जैसी शर्तें शामिल हैं। कंडिका क्रमांक 19 में विशेष रूप से मौत का कुआं और आकाश झूला जैसे झूलों पर प्रतिबंध का स्पष्ट उल्लेख है। बावजूद इसके, संचालकों द्वारा इनका संचालन किया जाना गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि मीना बाजार संचालक ने कुछ प्रभावशाली लोगों से सांठगांठ कर इन प्रतिबंधित झूलों को अनुमति दिलवाकर संचालित किया है। इस संबंध में मीना बाज़ार संचालक का कहना है कि प्रशासनिक आदेश में त्रुटि है।

### छोटी लापरवाही बन सकती है बड़ी दुर्घटना का कारण

मौत का कुआं और आकाश झूला देशभर में पहले भी कई जानलेवा हादसों का कारण बन चुके हैं। यही कारण है कि इन पर प्रशासनिक रूप से पाबंदी लगाई गई है। ये झूले अस्थायी ढांचे पर बनाए जाते हैं और अधिकांशतः बिना किसी तकनीकी निरीक्षण के ही संचालित हो जाते हैं। जरा सी तकनीकी खराबी भी बड़ी दुर्घटना में तब्दील हो सकती है। ऐसे में आयोजकों की लापरवाही और प्रशासन की उदासीनता चिंताजनक है।

### कार्रवाई की जाएगी

मौत का कुआं और आकाश झूला का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित है। यदि इसका संचालन किया गया है तो जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

— **विनय कुमार लंगेह,** कलेक्टर, महासमुंद

### आकाश झूला प्रतिबंध

नियमों के तहत आकाश झूला और मौत का कुआं प्रतिबंधित हैं। यदि ये झूले संचालित हो रहे हैं, तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

— **ओंकारेश्वर सिंह,** एसडीएम, पिथौरा

### लेने आएंगे अनुमति

मौत का कुआं प्रतिबंध है, लेकिन आकाश झूला का संचालन किया जाना है, सोमवार को कलेक्टर से अनुमति लेने जाएंगे।

— **शोएब अहमद,** संचालक, मीना बाज़ार

## देश की जनता से सीधा संवाद का सशक्त माध्यम है मन की बातः प्रदीप



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

भाजपा शहर मंडल के शिवशक्ति केंद्र में बूथ क्रमाक 178 गंजपारा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 123वां संस्करण का प्रसारण, कार्यक्रम के प्रभारी जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, बूथ अध्यक्ष शरद राव, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पवन पटेल सहित स्थानीय नागरिकगण की उपस्थिति में देखा गया। मन की बात कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को मन की बात को लेकर कहा कि देशवासियों के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मन की बात के माध्यम से देश-विदेश की सम सामयिक विषयों को रखते आए है। शसक्त और समृद्ध, शक्तिशाली भारत देश के निर्माण के लिए केंद्र सरकार की योजना और गतिविधियों के साथ देशभर में विभिन्न राजनैतिक सामाजिक संगठनों से जुड़े नागरिकों से प्रत्यक्ष सीधा संवाद मोदी मन की बात के माध्यम से करते है। जिला महामंत्री प्रदीप ने कहा कि हर माह के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे से होने वाले मन की बात कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री मोदी दूरदर्शन, रेडियो के माध्यम से प्रत्यक्ष देशवासियों से जुड़ रहे है यह पहली बार हुआ। प्रदीप ने प्रत्येक बूथों में कम से कम 50 पौधरोपण की अपील करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम से हम सभी पर्यावरण संरक्षण और उनकी सुरक्षा में सहभागी बने। बूथ समिति के सदस्यों से चर्चा करते हुए जिला महामंत्री ने संकल्प से सिद्धि अभियान सहित बूथों में होने वाले आगामी सभी कार्यो और कार्यक्रमों में एकजुटता से शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मधुसूदन सोनी, अजय चोपड़ा, खिलावन यादव, गौतम पटेल सहित स्थानीय बूथ समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



### दुर्गा को मिला मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षा दूत सम्मान

**महासमुंद।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तुमगांव के सभागार में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकासखंड महासमुंद की शासकीय प्राथमिक शाला, भलेसर में पदस्थ सहायक शिक्षिका दुर्गा यादव को उनकी उत्कृष्ट शैक्षिक सेवाओं के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण- शिक्षा दूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल तथा जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति रही। इन विशिष्टजनों के करकमलों द्वारा दुर्गा यादव को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी, रेखराज शर्मा जिला मिशन समन्वयक, लीलाधर सिन्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, तारिका कुंजाम, हीना ढालेन सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जागेश्वर सिन्हा विकासखंड स्रोत समन्वयक, संकुल प्राचार्य कौशल शुक्ला, संकुल समन्वयक ए. चंद्रशेखर डोरा एवं शाला प्रबंधन समिति तथा ग्रामवासियों, परिवारजनों ने हर्ष जताया है।

## कॉलेज में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 28 जून प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण (एनएटीएस) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सोनू ऊके संपर्क अधिकारी, प्रशिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड, शिक्षा मंत्रालय के स्वायत्त निकाय भारत सरकार उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा रानी प्रधान संयोजक साहित्यिक सांस्कृतिक समिति थी। इस अवसर पर रोजगार एवम् कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक दिलीप बढ़ाई विभागाध्यक्ष भूगोल, सदस्य मनबोध चौहान सहा प्राध्यापक, अजय कुमार राजा अध्यक्ष वाणिज्य संकाय, डॉ ईपी चेलक अध्यक्ष विज्ञान संकाय, डॉ दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी, राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, डॉ जगदीश सत्यम सहायक प्राध्यापक भौतिकी, सरस्वती सेठ सहा प्राध्यापक रसायन, डॉ अजय देवांगन सहायक प्राध्यापक कंप्यूटर विभाग, दिलीप लहरे क्रीड़ा अधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम संचालित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य प्रो करुणा दुबे ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम छात्र हित के लिए है। सभी छात्र कार्यक्रम को गंभीरता से लें, जिससे उन्हें सही मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कैरियर के निर्माण के लिए यह कार्यक्रम सहयोगी होगा। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सोनू ऊके ने छात्रों को एनएटीएस के बारे में पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया। उन्होंने आगे बताया कि इंटरप्रेन्योर से छात्र अपने जीवन में इनकॉम कर सकता है। एनएटीएस से छात्र किस प्रकार लाभान्वित हो सकते हैं, इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनएटीएस संविधान का एक पार्ट है, इससे स्व रोजगार के अवसर पैदा होते है। नौकरियों पर दबाव कम होता है। इसमें कुशलता का विकास होता है। विद्यार्थियों को एनएटीएस से जुड़कर बेहतर भविष्य तलाशने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नोट्स से जुडे सभी पहलुओं की जानकारी दी। आभार प्रदर्शन दिलीप बढ़ाई एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा रानी प्रधान ने किया। कार्यक्रम में तकनीकी व्यवस्था पूजा कुमारी, टीकम साहू, चमन ने किया। अन्य व्यवस्था रुक्मिणी साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी विभाग के स्नातकोत्तर एवं स्नातक अंतिम के छात्र उपस्थित थे।

## नन्हीं पर्यावरण संरक्षक : खुशिका साहू ने गर्मी की छुट्टी को किया एक पेड़ माँ के नाम



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मगरलोड**

पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरुद की कक्षा पांचवीं की छात्रा खुशिका साहू ने अपनी मेहनत और संकल्प से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मिसाल कायम की है। गर्मी की छुट्टियों में खुशिका ने हर रोज 1-2 घंटा समय दे कर परिवार के सहयोग से पपीते और काली हल्दी के हजारों पौधों की नर्सरी तैयार की। स्कूल खुलने पर, खुशिका ने अपने स्कूल को लगभग एक हजार पपीते और काली हल्दी पौधे भेंट किए। इन पौधों को न केवल स्कूल परिसर में लगाया गया, बल्कि लगभग 700 छात्रों को अपने घरों में लगाने के लिए भी दिया लगाया। इसके अतिरिक्त पौधों को अन्य स्कूलों में भी वितरित किया जा रहा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगा में 200 पौधे दिए गए। प्रिंसिपल ग्लोरिया मिंज का कहना खुशिका ने अपनी उम्र से बड़े काम कर दिखाए हैं। उसकी मेहनत और संकल्प को देखकर पूरा स्कूल गर्व महसूस कर रहा है। यह पहल अन्य बच्चों को भी प्रेरित करेगी।

खुशिका के पिता तुमनचन्द साहू एवं माता रंजीता साहू पर्यावरण संरक्षण हेतु हजारों पौधे स्कूलीय बच्चों को बाँट चुके हैं।

इस बार खुशिका को गर्मी की छुट्टी में यह लक्ष्य दिया गया था कि जब स्कूल खुले तो वह अपने स्कूल के सभी विद्यार्थियों को एक एक पौधा "एक पेड़ माँ के नाम" से उपहार देवे। पापा-माँ के बताए अनुसार बहनों की मदद से पौधे की नर्सरी तैयार की गई और अब स्कूलों में दे रहे है। हर पल हर क्षण, पर्यावरण संरक्षण- का संस्कार मंत्र वे अपने बच्चों को दे रहे है। उन्होंने एक छत्तीसगढ़ी में नारा बनाया है -पेड़ लगाबो तभे तो फल खाबो- फल तभी मिलेगा जब पेड़ लगाया जाएगा।

## मन की बात में मोदी जी ने आपातकाल की यातनाओं का किया स्मरण

भीतरराास के बूथ क्रमांक 192 व 193 में हुआ मन की बात कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण ग्राम भीतररास के बूथ क्रमांक 192 और 193 में भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता निकेश बिसेन के निवास स्थान पर किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों को याद करते हुए लोकतंत्र की रक्षा हेतु बलिदान देने वाले वीर सेनानियों को नमन किया। उन्होंने भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदानों को स्मरण किया। गगनयान अभियान के तहत अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले शुशांत शुक्ला को शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता का भी आह्वान किया और नागरिकों से प्रकृति-संरक्षण में योगदान देने की अपील की।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, उपसरपंच सुनील यादव, पूर्व सरपंच श्रीमती रंजना सूर्यवंशी, श्रीमती विद्या शांडिल्य, श्रीमती कुशमा कश्यप, मंयाराम गौर, सुमेरुचंद शांडिल्य, शिवदयाल शांडिल्य, गिरीश शांडिल्य, बीरेंद्र शांडिल्य, बूथ अध्यक्ष मदन सेन, जीवराखन श्रीमाली, बंधन साहू, विनोद नाग, दिलीप शांडिल्य, मिलेश बिसेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जन-जन तक प्रधानमंत्री के विचारों को पहुंचाकर राष्ट्रहित में नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

## जिपं सभापति ने स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्र का लिया जायजा



**धमतरी।** जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन ग्राम करेठा पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर वहां के विभिन्न विकास कार्यों के विषय में चर्चा की। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र का जायजा लिया।

ग्रामवासियों ने उन्हें मां शीतला मंदिर के सौंदर्यीकरण, करेठा से रुद्री मार्ग, सार्वजनिक मंच में शेड निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराया। श्रीमती देवांगन ने विद्यालय में प्रधान अध्यापक एवं शिक्षकों से मुलाकात कर वहां की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचकर बच्चों के साथ कुछ पल बिताए। भोजन मेनू एवं बच्चों की उपस्थिति के विषय में जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न समस्याओं को दूर करने एवं विकास कार्यों के लिए भरसक प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, सरपंच लोकेश्वरी ध्रुव, मंडल मंत्री दयाराम सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे।

## शिक्षक संघ के आनंद प्रसाद साहू जिला अध्यक्ष बने



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी**

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला शाखा धमतरी का निर्वाचन नवीन चंद्राकर (प्रदेश निर्वाचन अधिकारी) जिला अध्यक्ष के निर्देशन में शिव सिंह वर्मा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में शनिवार 28 जून को संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष के पद पर आनंद प्रसाद साहू व्याख्याता शिव सिंह वर्मा शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय धमतरी चयनित हुए। सचिव के पद पर ओपी वर्मा प्रधान पाठक शासकीय माध्यमिक शाला कन्या शिक्षा परिषद दुगली, कोषाध्यक्ष के पद पर दिनेश कुमार देवांगन व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल सोरिद चयनित हुए। उपाध्यक्ष के पद पर प्रमोद कुमार चंद्राकर व्याख्याता हाई स्कूल देवरी अशोक निर्मलकर प्रधान पाठक माध्यमिक शाला कुर्रा, ओपी साहू प्रधान पाठक माध्यमिक शाला दरगहन, दयाराम साहू व्याख्याता सेजस भैंसमुडी, योगेश कुमार यदु व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल कसावाही, इसी प्रकार सह सचिव के पद पर नत्थेसिंह बिरोन, कोगल सिंह साहू, गहेंद्र सिंह ढालेंद्र, रामदयाल साहू, श्रीमती विनीता साहू कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रेखचंद्र लावत्रे, राजेंद्र कुमार सिन्हा, मोहन सिंह कुर्र, संतोष कुमार शर्मा श्रीमती केसरी दादर नियुक्त हुए।

निर्वाचन संपन्न होने के पश्चात नव नियुक्त अध्यक्ष एपी साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबके सहयोग से मैं आपके द्वारा दिए गए पद को अच्छी तरह से निर्वहन करने की कोशिश करूंगा। इस अवसर पर विकासखंड धमतरी के अध्यक्ष दयाराम साहू, नगरी विकासखंड के अध्यक्ष महेंद्र कुमार बोरझा, कुरुद विकासखंड के अध्यक्ष कुलेश्वर सिन्हा एवं मगरलोड विकासखंड के अध्यक्ष दीप कुमार साहू के साथ, देवेन्द्र दादर, रोहित कुमार साहू, नेकराम साहू, संतलाल उड़के, सतीश रंगारी, योगेन्द्र चंद्राकर, इंद्रजीत बागड़े, खुमान साहू, घनश्याम साहू, प्रकाशचंद्र सेन वेदकुमार साहू, नूतन चंद्राकर, हेमशंकर यादव, नारायपुरी गोस्वामी, उत्तमसिंह कोसरिया, होरीलाल साहू, सुरेश कुमार दीपक, शेषकुमार सोम, झन्नालाल शर्मा, रागचंद्र देवांगन, प्रदीप शर्मा के साथ चारों विकासखंड के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

## नशा उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट सेवा के लिए गोस्वामी सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी**

अखिल भारतीय गायत्री परिवार धमतरी द्वारा नशा उन्मूलन अभियान में सक्रिय योगदान देने वाले व्याख्याता आकाशगिरी गोस्वामी को सम्मानित किया गया। श्री गोस्वामी कई वर्षों से समाज में नशा के विरुद्ध निरंतर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। वे नृत्य, साहित्य, कविता, गीत, नुक्कड़ नाटक जैसे रचनात्मक माध्यमों से समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए युवाओं, विद्यार्थियों और बुजुर्गों को इससे दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

इस विशेष उपलब्धि के लिए आयोजित कार्यक्रम में रिसाईपारा वार्ड के पार्षद मेघराज ठाकुर, गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य, खिलेश्वरी किरण, दिलीप नाग, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, राजकुमार साहू की उपस्थिति में श्री गोस्वामी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के परिजन, स्थानीय गणमान्य नागरिक तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य टीआर नागवंशी समेत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने श्री गोस्वामी के सतत प्रयास की सराहना की।

## मोदी के मन की बात कार्यक्रम से सकारात्मक ऊर्जा का संचार : मोटवानी

**धमतरी।** आमापारा वार्ड पार्षद विजय मोटवानी ने पारिवारिक वातावरण में अपने बच्चों के साथ पीएम मोदी के मन की बात का श्रवण किया। श्री मोटवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश की जनता के साथ रूबरू होते हैं। 123वें एपिसोड में मोदी जी ने 21 जून के योग को विश्व सर्व स्वीकार्यता के भाव को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए आपातकाल को याद किया। इसे भारत के इतिहास का काला दिवस बताया। 3 जून से कैलाश मानसरोवर यात्रा के साथ सावन माह के पूर्व भगवान भोले भंडारी के प्रति आस्था व श्रद्धा के साथ देश की कावड़ यात्रा को सबसे बड़ा उत्सव बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने चारों तरफ धार्मिक उल्लास तथा आस्था व श्रद्धा को भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति की धरोहर बताया। अंतरिक्ष में जाने वाले सुशांत शुक्ला की प्रशंसा की। पार्षद तथा नगर निगम के एमआईसी मेंबर श्री मोटवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात ने सावन के पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ देशवासियों के मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

## खबर संक्षेप



### रथयात्रा में शामिल हुए नपाउपाध्यक्ष

**महासमुंद।** रथयात्रा पर्व पर भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का स्वागत नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने किया। और यात्रा में शामिल होकर शहरवासियों के सुख समृद्धि की कामना की।



### अरंड में निकाली गई रथयात्रा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। रथ पर सवार भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भैया बलभद्र थे। ग्राम अरंड के महाराज खूबचंद दुबे ने हर साल के भांति इस इस साल भी रथयात्रा निकाली। इसमें सरपंच डिगंबर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, शिवचरण ध्रुव, देवराज सिंह ठाकुर, कार्तिक राम पटेल, कौतुक पटेल, दिनेश दुबे, गंगाधर निर्मलकर, दीनबंधु पटेल, रोहित पटेल, हुसन लाल निर्मलकर, हेम सिंह साहू, कविता पटेल, लीला बाई पटेल, विधि, डिंपल, वेदानस, प्रेम, गोपी पटेल, रमन पटेल, मीरा, ऋषिकेश पटेल, मंजू, ज्योति पटेल आदि का सहयोग रहा। यह जानकारी शोभाराम ध्रुव ने दी है।

### पेड़ काटने से मना करने पर बड़े ने छोटे भाई की कर दी पिटाई, मामला दर्ज

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत मण्डागांव निवासी 29 वर्षीय भगत दास पिता स्व. सुखदेव दास ने पुलिस को बतायाक कि 26 जून की शाम को मेरे घर के सामने मेरा बड़ा भाई भगवान दास आया और मेरे हिस्से में लगे पेड़ को काटने का प्रयास कर रहा था। पेड़ को काटने से मना करने पर आरोपी भगवान दास ने मुझे गाली दिया और जान से मार दूंगा कहकर बांस के डंडा से मारपीट किया, जिससे मेरे कमर और पीठ में चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भगवान दास बैरागी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## आयोजन: अखिल भारतीय प्रतिभा प्रेरणा सम्मान समारोह

# शिरोमणि राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किए गए रजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

वर्ल्ड सेवन वंडर रेडियंट बुक आफ रिकार्ड फाऊंडेशन द्वारा आयोजित 22वां अखिल भारतीय प्रतिभा प्रेरणा सम्मान समारोह 2025 मुंबई के भारत रत्न गानसामग्री लता मंगेशकर नाट्य गृह ऑडिटोरिम में आयोजित किया गया।

जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के संस्थापक व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश चक्रधारी कुम्हार समाज के युवा उपाध्यक्ष रंजीत चक्रधारी को छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनमोल धरोहर में से एक पारंपरिक लोक विधा नाचा गम्मत के संरक्षण संवर्धन एवं उनके उत्थान के लिए किए जा रहे कार्य एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर उन्हें प्रशस्ति पत्र मोमेंटो एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।




**छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत, लोक कला संस्कृति के संरक्षण संवर्धन एवं सामाजिक कार्य में उल्लेखनीय के लिए किया गया सम्मान**

कार्यक्रम में पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि रुपाली वशिष्ठ उत्तराखंड देहरादून निदेशक तथा राष्ट्रीय परीक्षक, विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. पीआर रोकडे, छत्रपति संभाजी महाराष्ट्र निदेशक तथा राष्ट्रीय परीक्षक रहे।

अध्यक्षता डा. कांति महाजन अमरावती महाराष्ट्र संस्थापक व प्रधान संपादक द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश में नाचा गम्मत के माध्यम से किये जा रहे कार्य को सराहना करते हुए चक्रधारी को प्रोत्साहित किया। कला शिरोमणि राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने पर पूरे प्रदेश के नाचा कलाकारों सहित अंचल के कलाकारों एवं ग्रामीणों सहित लोक संरक्षण समिति बागबाहरा के अध्यक्ष एवं सर्व समाज जिला टीकम पटेल, सुप्रसिद्ध लोक गायक कलाकार डिमान सेन, विश्राम यादव, धनेश्वर साहू, प्रवीण वर्मा, मनोज यादव, दुर्गेश यादव, नरेश ध्रुव ने हर्ष जताया है।

# मन की बात का सामूहिक श्रवण के साथ किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम अंवराडबरी में बूथ क्रमांक 22

- **अंवराडबरी में बूथ क्रमांक 22 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का श्रवण किया**



पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण एवं एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भीखम सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में भाजपा खल्लारी मंडल अध्यक्ष लोकेश पुनरिया, महामंत्री ताराचंद देवांगन, सरपंच प्रतिनिधि मुकंद सिन्हा, युवा मोर्चा महामंत्री हीरा साहू, कुबेर यदु, किसान मोर्चा महामंत्री कीर्तन साहू, छत्रपाल तांडी, भाजपा कार्यकर्ता गायत्री सिन्हा, गुमान सिन्हा, तोरण सिन्हा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामवासी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक विचारों को सुनते हुए उपस्थितजनों ने देशहित, समाजहित और सेवा कार्यों के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा देश के विभिन्न कोनों में हो रहे सकारात्मक प्रयासों, स्वदेशी नवाचारों और जनभागीदारी की भावना को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि मन की बात न केवल एक संवाद कार्यक्रम है, बल्कि यह देश के आम नागरिकों को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने वाला एक अनूठा मंच है। उन्होंने प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात कर अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करने की अपील की। मंडल अध्यक्ष लोकेश पुनरिया ने भी ग्रामीणजनों से आग्रह किया कि वे इस प्रकार के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करें और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को सशक्त बनाने में योगदान दें। कार्यक्रम में सहभागी सभी ग्रामीणों ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताते हुए इसे नियमित रूप से सुनने की इच्छा जताई। समापन में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं राष्ट्रहितकारी नेतृत्व की कामना की।

# कार्यकर्ताओं के साथ निगम अध्यक्ष ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

झलप के पंचायत भवन में बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा छग शासन) चंद्रहास चंद्राकर ने स्थानीय कार्यकर्ताओं और नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 123 वीं संस्करण का प्रसारण सुना। यह कार्यक्रम झलप भाजपा मंडल द्वारा आयोजित किया गया।

इस अवसर पर निगम अध्यक्ष चंद्राकर ने कार्यक्रम के बाद कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात में साझा किए गए विचार सभी को नई ऊर्जा और प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास की परिकल्पना साकार हो रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री के विचार देश के हर नागरिक को नई ऊर्जा दे रहा है। उन्होंने 'मन की बात' को जन-जन को जोड़ने वाला आंदोलन बताया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता रूपलाल पटेल, झलप मंडल अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेश शुक्ला, कमल कौशिक, झलप सरपंच मंडल महामंत्री राकेश साहू, डूमरपाली सरपंच यमुना ठाकुर, सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश्वर साहू, शिव सिन्हा, ताराचंद पटेल, भूपेंद्र चंद्राकर, सुरेश देवांगन, संतोष पंडा, जगदीश चौहान, जगमोहन ठाकुर, शिला चक्रधारी, पोतदार सोनवानी, ऋषि बारीक सहित झलप मंडल के भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## नयापारा में भाजपाइयों ने देखा पीएम के मन की बात कार्यक्रम



**महासमुंद।** भाजपा शहर मंडल के शिवशक्ति केंद्र में बूथ क्रमांक 181 नयापारा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 123 वां संस्करण का प्रसारण, कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर की उपस्थिति में स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा दूरदर्शन पर देखा गया। पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने इस दौरान उपस्थित स्थानीय बूथ के कार्यकर्ताओं और नागरिकों से प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम को देखने की अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में देश की राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक, विषयों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों से सीधा संवाद और चर्चा करते है। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, मंडल महामंत्री मीना वर्मा, पूर्व पार्षद विजय साहू, भगवती करकसे, सारिका यादव, भगवती साहू, कुंती सिन्हा, उषा साहू, शोभा तम्बोली, भुवन सिन्हा, कुमारी निषाद, मीना ध्रुव, राजकुमारी, पूर्णिमा शर्मा, पदमिनी सोना, अनिता ठाकुर, विनय वर्मा, कुमारी सोनी, सावित्री सिन्हा, सुशील यादव सहित स्थानीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

# नयापारा व सुभाष नगर में पुलिस सहायता केंद्र खोलने की मांग को लेकर मंत्री से मिले नपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने महासमुंद प्रवास पर पहुंचे गृहमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर शहर के दो स्थानों पर पुलिस सहायता केंद्र (चौकी) खोलने की मांग की है। इस बाबत नपाध्यक्ष साहू ने गृहमंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा।

नपाध्यक्ष साहू ने मंत्री को बताया कि शहर के नयापारा बुगलू चौक वार्ड क्र. 07 में कुछ वर्ष पहले पुलिस सहायता केंद्र (चौकी) वर्तमान में बंद है। नयापारा क्षेत्र में बढ़ते अपराध को रोकने तथा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर निगरानी रखने के लिए इस पुलिस सहायता केंद्र की खोलने की सख्त आवश्यकता है। इस क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के चलते नयापारा क्षेत्र के विभिन्न वार्ड के नागरिकों ने बंद पड़े उक्त पुलिस सहायता केंद्र को पुनः शुरू करने की मांग की है। शहर के सुभाष नगर एरिया में भी एक पुलिस सहायता केंद्र खोलने की महती आवश्यकता है। इस क्षेत्र में भी अपराधिक घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। अवैध कारोबार, नशावृत्ति, नशीली सामग्रियों की बिक्री जैसे अवैधानिक कृत्यों को रोकने तथा क्षेत्र में शांति स्थापित करने सुभाष नगर में भी एक पुलिस सहायता केंद्र (चौकी) खोलने की अनुमति प्रदान करने की मांग साहू ने की।




### महर्षि विद्या मंदिर के दसवीं की छात्रा राधिका मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित

**महासमुंद।** महर्षि विद्या मंदिर मचेवा की दसवीं की छात्रा राधिका यादव द्वारा जिले में सातवां स्थान अर्जित कर उन्होंने अपने अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। 28 जून 2025 को स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव में आयोजित मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण 2024 दसवीं कक्षा में जिले में टॉप 10 विद्यार्थियों में अपना स्थान बनाने के लिए उन्हें यह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी सांसद, अतिविशिष्ट अतिथि मोंगरा किशन पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथियों चंद्रहास चंद्राकर अध्यक्ष बीज निगम, एतराम साहू जिला अध्यक्ष भाजपा, भीखम सिंह ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष, बलरामकांत साहू अध्यक्ष नगर पंचायत तुमगांव, विनय कुमार लंगेह कलेक्टर, एस आलोक सीईओ जिला पंचायत उपस्थित रहे।

# शासकीय वल्लभाचार्य महाविद्यालय की प्रथम प्रवेश सूची जारी

## प्रथम सूची में चयनित विद्यार्थी 8 जुलाई तक ले सकते हैं प्रवेश, 9 जुलाई को जारी की जाएगी द्वितीय सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में प्राचार्य करुणा दुबे एवं प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर रीता पांडेय के संयोजन में उच्च शिक्षा विभाग एवं पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के आदेश अनुसार महाविद्यालय में सत्र 2025 -26 में प्रवेश के लिए प्रथम प्रवेश सूची जारी कर दी गई है। प्रथम प्रवेश सूची में प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थी 8 जुलाई प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। स्नातक प्रथम वर्ष के लिए 1265 सीट एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए 775 सीट उपलब्ध है।

25 जून 2025 को विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन आवेदन महाविद्यालय को प्रवेश के लिए प्रदान किया गया। प्राप्त आवेदन में सभी सीटों के विरुद्ध गुणानुक्रम में अधिभार के साथ आरक्षण नियमों का पालन करते हुए प्रवेश सूची जारी कर दी गई है। प्रथम प्रवेश सूची 26 जून से 8 जुलाई तक मान्य होगी। 9 जुलाई से द्वितीय सूची जारी की जाएगी।

प्रभारी प्राचार्य एवं प्रवेश संयोजक डॉक्टर रीता पांडे ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा जारी सूची को सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है एवं महाविद्यालय की वेबसाइट में भी अपलोड कर दिया गया है। विद्यार्थी इसका अवलोकन कर सूची में नाम होने पर प्रभारी प्राध्यापकों से दस्तावेजों का मूल प्रति से सत्यापन कराकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय में हेल्प डेस्क समिति का गठन किया गया है। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो विद्यार्थी हेल्प डेस्क से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश समन्वय समिति सदस्य डॉ.ईपी चेलक, डॉ. मालती तिवारी एवं अजय कुमार राजा से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वार्षिक पद्धति के स्नातक तृतीय वर्ष में प्रवेश हेतु नवीनीकरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है।



प्रथम सूची में महाविद्यालय को बीए 1262, बी.कॉम 485, बीसीए 96, बीएससी बायो 1017, बीएससी गणित 189, डीसीए 70, एम.कॉम 80, एमए इको 22, एमए इंजी 50, एमए हिंदी 61, एमए इतिहास 18, एमए राजनीति 70, एमए समाजशास्त्र 40, एमएससी वनस्पति विज्ञान 250, एमएससी रसायन विज्ञान 103, एमएससी गणित 58, एमएससी भौतिकी 74, एमएससी प्राणीशास्त्र 297, पीजीडीसीए 106, योग 14 कुल 4363 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें से 1612 की प्रवेश सूची जारी की गई है।




## नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का किया गया स्वागत

# आत्मानंद स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

28 जून को बसना ब्लॉक के भंवरपुर अंचल के एकमात्र उत्कृष्ट विद्यालय स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भंवरपुर में बच्चों में शिक्षा व विद्यालय के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार नव-प्रवेशी बालक-बालिकाओं के लिए शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया।

बता दें कि स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भंवरपुर ने पूरे जिले में बोर्ड परीक्षा परिणामों में कक्षा बारहवीं में प्रथम स्थान तथा कक्षा दसवी में तृतीय स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। इन परिणामों ने पूरे क्षेत्र में विद्यालय के प्रति पालकों में विश्वसनीयता को कई गुना बढ़ा दिया है। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भंवरपुर सदैव नित-नवीन शैक्षिक परिवर्तनों, बालिकाओं का हिंदी माध्यम में भी प्रवेश, नवाचारी कार्यक्रमों, गुणवत्तापूर्ण व अत्याधुनिक शिक्षा पद्धति, अनेकानेक खेली के आयोजन, शैक्षणिक भ्रमण तथा सुव्यवस्थित अटल टिंकरिंग लैब के संचालन के लिए जाना जाता है।




गुणवत्ता के इन्हीं मानदंडों को बनाए रखने तथा विद्यार्थियों में विद्यालय, शिक्षा, शिक्षक व अध्यापन के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यालय में भव्यता से बच्चों को पुस्तकों का वितरण कर, मिष्ठान्न व ओजन कराकर समस्त नव-प्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। साथ ही विद्यालय की समस्त सुविधाओं से भी अवगत कराया गया। इस प्रकार कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। कार्यक्रम में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, शिक्षक देवांगन, स्वर्णकार, जीतू वैष्णव सहित विद्यालय के प्राचार्य टीके पटेल तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## लमकेनी में सीएससी भवन के लिए भूमिपूजन

**तेंदूकोना।** जनपद क्षेत्र क्रमांक 05 सम्हर के ग्राम लमकेनी में सीएससी भवन के लिए भूमिपूजन हुआ। शासकीय उच्चतर विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण भी किया गया। पश्चात बूथ क्रमांक 112 में मोदी के मन की बात सुना गया। इस अवसर पर महासमुंद के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जनपद सदस्य तारेश्वरी पटेल, सरपंच लक्ष्वंतीन बाई, पूर्व मंडल अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण पिलेश्वर पटेल, आत्माराम दीवान, लछनलाल बारिहा, पंच नंदलाल पटेल, सचिव भूपेंद्र साहू, पीतांबर साहू, पंचायत पदाधिकारीगण ग्राम बुजुर्ग व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

